एक नजर में

तहसील कार्यालय से बाइक चोरी

गुना। जिले के आरोन तहसील कार्यालय परिसर में वकील से मिलने गए एक बुजुर्ग किसान की बाइक अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर आरोन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चौखेट गांव निवासी श्रीराम यादव (64) बीते दिन अपने साथी केर सिंह बंजारा के साथ पुत्र राजकुमार यादव की स्पलेंडर मोटरसाइकिल एमपी 08-5925 से आरोन तहसील कार्यालय आए थे। वे बाइक चबूतरे के पास खड़ी कर एडवोकेट महावीर सिंह रघुवंशी से मिलने चले गए। 15 मिनट बाद लौटने पर बाइक गायब मिली। सुराग न मिलने पर आरोन थाने पहुंचकर चोरी की एफआईआर दर्ज कराई।

ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर

गुना। जिले के राघौगढ़ कस्बे में केसर अस्पताल के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार बर्तन व्यापारी को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने राघौगढ़ सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुनार मोहल्ला निवासी विकास सोनी (36) अपनी आकाश स्टील नामक दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पीछे से आए गैस सिलेंडरों से भरे ट्रक के चालक ने तेजी व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। दुर्घटना में विकास के बाएं पैर में गंभीर चोटें आईं। वारदात के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। पीड़ित की शिकायत पर राघौगढ़ पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर दी है।

लूट व गैंगरेप के आरोपी लंगड़ाते पहुंचे पुलिस कंट्रोल रूम

पांच आरोपी गिरफ्तार, दो के पैरों में चढ़ा प्लास्टर, 24 घंटे में सलाखों के पीछे पहुंचे दरिंदे

नवभारत न्यूज

गुना 1 अगस्त का। राघौगढ़-धरनावदा क्षेत्र में मंदिर से दर्शन कर लौट रहे युवक-युवती को घेरकर लूटपाट करने और युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का प्रयास करने वाले बदमाशों के खिलाफ गुना पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के सख्त निर्देशन और रणनीतिक घेराबंदी के चलते पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात का महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश कर दिया है।

घटना में शामिल कुल 7 आरोपियों में से 5 को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दो फरार बदमाशों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। पकड़ाए गए आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल, पर्स और अन्य सामान भी बरामद कर लिया गया है। इस दौरान दो आरोपियों के पैर में प्लास्टर चढ़ा था जो लंगड़ाते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचे। पकड़े गए आरोपियों में बबलू बंजारा (23) पुत्र हीरालाल बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, छोटू बंजारा (28) पुत्र मांगीलाल बंजारा, निवासी ग्राम खजरा थाना राघौगढ़, सरदार बंजारा (30) पुत्र कर्मा उर्फ करम सिंह बंजारा, निवासी ग्राम विन्याकी थाना राघौगढ़, महेंद्र बंजारा एवं (20) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा, दिनेश बंजारा (28) पुत्र गब्बा बंजारा, निवासी ग्राम बोरखेड़ा थाना धरनावदा शामिल हैं। कड़ाई से की गई पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पीड़ितों से लूटा गया मोबाइल, पर्स और अन्य सामान बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार 5 आरोपियों के अलावा दो आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए राघौगढ़ एसडीओपी दीपा डोडवे, धरनावदा थाना प्रभारी रूहिल शर्मा, राघौगढ़ थाना प्रभारी अजय जाट, साइबर सेल और पुलिस लाइन की विशेष टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं। इसमें दिनेश बंजारा पर पूर्व में भी दुष्कर्म का मामला दर्ज है। कार्रवाई में कैंट टीआई अनूप भार्गव, धरनावदा टीआई रूहिल शर्मा, राघौगढ़ टीआई अजय जाट, फतेहगढ़ टीआई अभिषेक तिवारी के अलावा पुलिस टीम के नीलेश रघुवंशी, राजीव रघुवंशी, संजय जाट, रामनिवास शर्मा, अंजना चंदेल, योगेश धाकड़, रघुकुल मिश्रा, धर्मेंद्र धाकड़ शामिल है।

नौकरी छोड़ देश सेवा के लिए रुका था भारत

इस घटना का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि पीड़ित युवक होनहार है। हाल ही में उसका विदेश में चयन हुआ था, लेकिन उसके सीनियर अफसरों ने उसे देश की सेवा के लिए विदेश की नौकरी छोड़ने की सलाह दी। उसने भारत में रहकर अपने देश के लिए काम करने का फैसला किया, लेकिन अपने ही देश में उसे ऐसी भयावह वारदात का सामना करना पड़ा। राहत की बात यह है कि गुना पुलिस ने महज 24 घंटे में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है।

एसपी ने खुद संभाली कमान

इसी दौरान किसी राहगीर ने युवती को खींचकर ले जाते देख लिया और डायल-112 को फोन किया। पुलिस की गाड़ी की आहट सुन बदमाश पीड़िता को छोड़कर भाग निकले। मामले धरनावदा थाने में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 70(1), 127(1) और 310(2) के तहत अपराध दर्ज किया गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने खुद कमान संभाली। एसपी ने मौके का निरीक्षण कर तुरंत एसडीओपी राघौगढ़ दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में एक विशेष जांच दल का गठन किया। पुलिस की अलग-अलग टीमों को जंगल क्षेत्र, आसपास के गांवों और संभावित ठिकानों पर तुरंत रवाना किया गया। पुलिस टीमों ने तकनीकी साक्ष्य (साइबर सेल सहायता), मुखबिर तंत्र और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का बारीकी से विश्लेषण किया।

क्रूरता की हदें पार, प्राइवेट पार्ट में लकड़ी घुसाने का प्रयास

मूलत: कोलकाता निवासी 26 वर्षीय पीड़िता अपने साथी के साथ मोटरसाइकिल से हनुमान टेकरी मंदिर से दर्शन कर एनएफएल कैंपस लौट रही थी। रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पीछे से आए एक बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने पंक्चर होने का झांसा देकर उनकी गाड़ी रुकवा ली। जैसे ही बाइक रुकी, बदमाशों ने चाबी निकाल ली और युवती के बाल पकड़कर घसीटते हुए एबी रोड किनारे घने अंधेरे जंगल में ले गए। जहां छह बदमाशों ने मिलकर रमन और युवती को डंडों और थप्पड़ों से पीटा और जान से मारने की धमकी देकर उनके मोबाइल, पर्स और बाइक छीन ली। रमन को बंधक बनाकर जंगल में दूसरी तरफ ले जाया गया, जबकि तीन दरिंदों ने पीड़िता के कपड़े फाड़ दिए और बारी-बारी से उसके साथ जबरदस्ती करने लगे। पीड़िता ने खुद को बचाने के लिए कड़ा संघर्ष किया, आरोपियों को नोंचा और काटा, लेकिन हैवानों ने उसके ही कपड़ों से हाथ बांध दिए। जब युवती चिल्लाई, तो एक आरोपी ने क्रूरता की हदें पार करते हुए उसके प्राइवेट पार्ट में लकड़ी घुसाने का प्रयास किया, जिससे खून बहने लगा। इसी बीच रमन की चीख-पुकार और घटना की भनक लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस की गाड़ी की आहट सुनते ही सभी छह आरोपी पीड़िता को निर्वस्त्र हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर धरनावदा थाना पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 70(1), 127(1) और 310(2) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इनका कहना है

मामले में फास्ट ट्रेक करवाकर आरोपियों पर जल्द से जल्द सख्त सजा दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। मैं खुद मामले की मॉनीटरिंग करूंगा। एक पूरी टीम इसमें लगाई जाएगी और ट्रॉयल प्लान बनाकर काम करेगी। यह बात गंभीर घटना थी। अज्ञात आरोपियों को पकडऩा भी पुलिस के लिए चैंलेज था। इसमें एसआईटी गठित कर ईनाम की घोषणा कराई गई। चार-पांच थानों की पुलिस टीम बनाकर कार्रवाई की गई। सभी की उम्र 23 से 30 साल के बीच है। इसमें दिनेश का पुराना दुष्कर्म का रिकॉर्ड है उसने 2020 में भी उसने कुछ ऐसी ही घटना की थी। सभी आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ा है।

हितिका वासल, एसपी गुना

जिला अस्पताल की लचर व्यवस्था ने फिर ली मरीज की जान

डॉक्टर ने वार्ड में जाने से किया इनकार, महिला की मौत के बाद हंगामे के आसार

गुना। जिला अस्पताल में डॉक्टरों की बेपरवाही और लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के कारण मरीजों की जान आफत में पड़ रही है। शनिवार को कैंट निवासी राधा खटीक की इलाज के दौरान हुई मौत ने एक बार फिर अस्पताल की गंभीर कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों का गंभीर आरोप है कि गंभीर हालत में भर्ती महिला की तबीयत बिगड़ने पर जब उन्होंने डॉक्टर को बुलाने की मिन्नतें कीं, तो डॉक्टर ने वार्ड में जाने के बजाय मरीज की फाइल वहीं मंगवा ली। डॉक्टरों की इसी लेतलाली और अनदेखी के चलते महिला ने दम तोड़ दिया।

घटना के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश पनप गया। मौत की खबर फैलते ही अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई और हंगामे की स्थिति निर्मित होने लगी। माहौल गरमाते देख पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और स्थिति को संभाला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को समझाइश दी और संभावित प्रदर्शन को टाल दिया। इस पूरे घटनाक्रम ने जिला अस्पताल में डॉक्टरों की कार्यशैली और प्रशासनिक दावों की कलई खोलकर रख दी है।

अब हाईब्रिड मोड से मिलेगा किसानों को उर्वरक, नई व्यवस्था लागू

पात्र किसानों को ही मिले खाद, हर वितरण का पूरा रिकॉर्ड रखें : कलेक्टर

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा एवं हाईब्रिड मोड में वितरण प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के नवीन निर्देशों के अनुरूप किसानों को समय पर, पर्याप्त एवं पारदर्शी तरीके से उर्वरक उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप संचालक कृषि संजीव शर्मा ने बताया कि जिले में ई-विकास (वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान) प्रणाली के माध्यम से उर्वरक वितरण 01 अप्रैल 2026 से प्रारंभ किया गया था। शासन द्वारा 30 जुलाई 2026 से ई-विकास प्रणाली में आंशिक संशोधन करते हुए, व्यवस्थाओं के सरलीकरण हेतु गठित समिति की अनुशंसाएं प्राप्त होने तक प्रदेश में उर्वरक वितरण हाईब्रिड मोड में करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई 2026 तक ई-विकास प्रणाली से वितरित उर्वरक का अभिलेख सुरक्षित रखा जाएगा। वहीं 30 जुलाई 2026 से आगामी आदेश तक किसानों को वितरित किए जाने वाले उर्वरक के संबंध में आधार कार्ड की छायाप्रति, मोबाइल नंबर तथा कंपनीवार एवं उर्वरकवार (यूरिया, डीएपी, एनपीके, एसएसपी एवं एमओपी) वितरित मात्रा का पृथक-पृथक अभिलेख अनिवार्य रूप से संधारित किया जाएगा। इस संबंध में सभी डबल लॉक केंद्रों, एम.पी. एग्रो, सेवा सहकारी समितियों एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं।

पात्र किसानों को ही मिले पर्याप्त उर्वरक

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने निर्देश दिए कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारु एवं पारदर्शी ढंग से संचालित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा वितरण व्यवस्था पूरी तरह व्यवस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उर्वरक वितरण से पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित किसान पूर्व में उर्वरक प्राप्त कर चुका है अथवा नहीं। अपात्र अथवा अनियमित तरीके से लाभ लेने वाले व्यक्तियों को उर्वरक वितरित न किया जाए। उन्होंने कहा कि एक बार में अधिकतम 10 बैग तक ही उर्वरक का वितरण किया जाए तथा जिन किसानों की पूर्व से टोकन बुकिंग है, उन्हें प्राथमिकता के साथ उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। ई-विकास प्रणाली के माध्यम से पूर्व में वितरित उर्वरक का अभिलेख सुरक्षित रखा जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में प्रत्येक किसानवार उर्वरक विक्रय की संपूर्ण जानकारी संबंधित विक्रेता अपने स्तर पर संधारित करें, ताकि बाद में पोर्टल पर उसका सही एवं समयबद्ध इंद्राज किया जा सके। बैठक में उप संचालक कृषि संजीव शर्मा, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता उपायुक्त, महाप्रबंधक सीसीबी, सभी कृषि विस्तार अधिकारी, एम.पी. एग्रो के अधिकारी, मार्कफेड के गोदाम प्रभारी, समिति प्रबंधक एवं निजी उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे।

बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने पेश की मानवता की मिसाल

दुर्घटना में घायल को अपनी गाड़ी से पहुंचाया अस्पताल

गुना। जिले के बमोरी थाना अंतर्गत खैरी-खता रोड पर गत शाम एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दंपति और उनके मासूम बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के ठीक बाद वहां से गुजर रहे बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने तुरंत संवेदनशीलता दिखाते हुए घायलों को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाया और डॉक्टरों को मुस्तैदी से उपचार के निर्देश दिए। विधायक की इस त्वरित मदद से समय पर इलाज शुरू हो सका और परिवार की जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोदील निवासी प्रकाश सहरिया अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ ससुराल में एक बीमार रिश्तेदार को देखकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। रात करीब 7 बजे खैरी-खता मार्ग पर लापरवाही से वाहन चला रहे एक ट्रैक्टर चालक ने अचानक अपनी गाड़ी मोटरसाइकिल की तरफ मोड़ दी। इसके चलते मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सीधे ट्रैक्टर से जा टकराई। दुर्घटना में प्रकाश सहरिया, उनकी पत्नी तथा उनके दो मासूम बच्चे, जिनमें 3 वर्षीय कार्तिक सहरिया भी शामिल है, सडक़ पर गिरकर बुरी तरह जख्मी हो गए। घटना के बाद आरोपी ट्रैक्टर चालक वाहन सहित मौके से भाग खड़ा हुआ।

उसी समय क्षेत्र के दौर से लौट रहे बमोरी विधायक ऋषि अग्रवाल का वाहन वहां से गुजरा।

क्षत-विक्षत स्थिति में परिवार को तड़पता देख विधायक ने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और बिना समय गंवाए सभी घायलों को अपने वाहन से जिला अस्पताल रवाना किया। घायलों का फिलहाल जिला अस्पताल में उपचार जारी है। बमोरी पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

खाटू श्याम मंदिर परिसर में सांसद रोडमल नागर ने किया वृक्षारोपण, स्व . राजेंद्र कासट की स्मृति में लगाया पौधा

नवभारत न्यूज

कुंभराज।'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत आज राजगढ़ लोकसभा सांसद रोडमल नागर ने कुंभराज स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर परिसर में पहुंचकर भगवान श्री खाटू श्याम के दर्शन एवं विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके उपरांत सांसद श्री नागर ने पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष स्वर्गीय श्री राजेंद्र कासट की पावन स्मृति में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण केवल प्रकृति की सेवा ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प भी है। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने का प्रेरणादायी प्रयास है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमलेश साहू, एल्डरमैन डॉ. हरज्ञान सिंह गुर्जर, भाजपा मंडल महामंत्री मनीष शिवहरे, नीरज मालवीय, विनोद साहू, चंपालाल साहू, विपिन सुमन, बछराज चौहान सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

7 से 8 जनवरी तक चलेगा जन-विश्वास अभियान

गुना। जिले में भी 7 अगस्त से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान शुरू होगा। आगामी 8 जनवरी 27 तक संचालित होने वाले इस अभियान में मुख्यमंत्री, मंत्रिगण, मुख्य सचिव व राज्य शासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, संभागीय कमिश्नर व जिला कलेक्टर एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण नियमित रूप से मैदानी भ्रमण कर आमजन से संवाद कर समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। साथ ही शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के जमीनी क्रियान्वयन का प्रत्यक्ष आकलन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान संचालित होने जा रहा है। जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से मूर्तरूप देने के लिये संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

अनियमितता आधार ऑपरेटरों का फूटा गुस्सा, दीवार पर पोस्टर चस्पा कर ई-गवर्नेंस अधिकारी की खोली पोल

कलेक्ट्रेट में गूंजा आधार ऑपरेटरों के मानदेय का मुद्दा

नवभारत न्यूज

गुना। जिलेभर में संचालित आधार केंद्रों के ऑपरेटरों को विगत 8 वर्षों से मानदेय का भुगतान न होने से शनिवार को उनका गुस्सा चरम पर पहुंच गया। आक्रोशित आधार ऑपरेटरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में ई-गवर्नेंस अधिकारी गौतम श्रीवास्तव के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कलेक्ट्रेट की दीवार पर एक बड़ा फ्लैक्स (पोस्टर) चस्पा कर दिया। इस पोस्टर के माध्यम से मानदेय रोकने, सुरक्षा निधि न लौटाने और आधार ऑपरेटर भर्ती में गंभीर अनियमितताओं की पोल खोली गई। यद्यपि प्रशासनिक अधिकारियों को भनक लगते ही आनन-फानन में इस पोस्टर को दीवार से हटा दिया गया, लेकिन तब तक पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में यह मामला चर्चा का विषय बन चुका था। प्रदर्शन में शामिल मृगवास निवासी आधार ऑपरेटर मंगलेश शर्मा ने ई-गवर्नेंस अधिकारी पर सीधा आरोप लगाते हुए बताया कि मानदेय के भुगतान के लिए उन्होंने जनसुनवाई से लेकर वरिष्ठ स्तर पर ईमेल तक किए हैं, परंतु आज तक उनका जायज हक नहीं मिला। आधार ऑपरेटरों का काम सीधे ई-गवर्नेंस अधिकारी के अधीन आता है। जब इस संबंध में कलेक्टर ने ई-गवर्नेंस अधिकारी गौतम श्रीवास्तव से जवाब तलब किया, तो वे कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दे सके और गोल-मोल बातें करते हुए फाइल भेजने का बहाना बनाने लगे। ऑपरेटरों का कहना है कि भोपाल से ई-गवर्नेंस के खाते में 37 लाख 57 हजार 797 रुपये की राशि प्राप्त हो चुकी है, फिर भी ऑपरेटरों को भुगतान नहीं किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में वे अपने परिवार का भरण-पोषण कैसे करें, क्योंकि वे जनता से अतिरिक्त पैसे वसूल नहीं सकते। साथ ही ऑपरेटरों ने सवाल उठाया कि जिले में किसी भी आधार केंद्र का निरीक्षण ई-गवर्नेंस अधिकारी द्वारा क्यों नहीं किया जाता। कलेक्ट्रेट में चस्पा किए गए पोस्टर में ई-गवर्नेंस विभाग की कार्यप्रणाली और भर्ती प्रक्रियाओं पर कई गंभीर सवाल दागे गए हैं। पोस्टर के जरिए उजागर किया गया कि जिले में बिना कोई निविदा निकाले और बिना समाचार पत्रों में सूचना दिए बाईपास तरीका अपनाकर अपनी मर्जी से आधार ऑपरेटरों की भर्तियां कर दी गईं। इतना ही नहीं, बिना चरित्र प्रमाण पत्र लिए ही ऑपरेटरों की आईडी चालू कर दी गई, जबकि यह नियम अनिवार्य है। वर्ष 2025 में लगभग 28 आधार ऑपरेटरों की आईडी चालू की गई, लेकिन आवेदन करने वाली 4 महिला अभ्यर्थियों के फार्म भोपाल भेजे ही नहीं गए, जिसके कारण पूरे गुना जिले में एक भी महिला आधार ऑपरेटर नहीं है। इसके अलावा, मानदेय रोकने के साथ-साथ प्रत्येक आधार ऑपरेटर से 25-25 हजार रुपये के हिसाब से कुल 5 लाख 25 हजार रुपये की सिक्योरिटी राशि जमा कराई गई है। जिन ऑपरेटरों की आईडी बंद हो चुकी है, उन्हें भी उनकी अमानत राशि वापस नहीं की जा रही है। ई-गवर्नेंस अधिकारी गौतम श्रीवास्तव की इस मनमानी और भ्रष्टाचार के खिलाफ अब आधार ऑपरेटरों ने आर-पार की लड़ाई का मन बना लिया है और कलेक्टर से निष्पक्ष जांच कर त्वरित मानदेय भुगतान कराने तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

इनका कहना है

जिसने पोस्टर लगाएं हैं उसे नियमों की जानकारी नहीं है। मैं उसके खिलाफ कार्रवाई करूंगा। जानकारी नहीं आई थी तो भुगतान अटका हुआ है, कुछ गलत गणना भी हो गई थी। आठ वर्षों से मानदेय की बात गलत है पिछले साल छह महीने से भुगतान नहीं हो पा रहा है।

गौतम श्रीवास्तव
ई गर्वनेस अधिकारी गुना

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. गुना द्वारा, कैलाश कुशवाह के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में भूमि प.ह.न. 30, सर्वे न0 909/1, क्षैत्रफल 600 वर्गफिट पुराना वार्ड क्र. 02 वर्तमान वार्ड क्र. 03 गहोरा रोड पर भरोसा यादव मढी वालों के कार्नर की दुकान के आगे मेंन रोड से अंदर ग्राम ईसागढ तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर मे स्थित है। उक्त सम्पत्ति जो कि खसरा वर्ष 2013-14, के आधार पर उक्त सम्पत्ति रामदयाल, दयाराम पुत्रगण दंगलसिंह कुशवाह के अधिपत्य में रक्वा 0.9930 हैक्ट. कायम था इसके बाद दयाराम पुत्र दंगलसिंह कुशवाह की मृत्यु होने के पश्चात दयाराम अविवाहित होने के कारण दयाराम के स्वामित्व की सम्पत्ति का फोती नामांत्रण क्र. 31/अ-6(2)/2017-18 दिनांक 08/01/2019 के द्वारा रामदयाल पुत्र दंगलसिंह कुशवाह को ही स्वामित्व व अधिपत्य प्राप्त हो गया था जिसके पश्चात रामदयाल पुत्र दंगलसिंह कुशवाह के द्वारा कैलाश कुशवाह पुत्र श्री प्रेमनारायण कुशवाह को विक्रय पत्र क्र. MP25IGR16732026A100948627 दिनांक 31/07/2026 से क्षैत्रफल 600 वर्गफिट का विक्रय कर दिया था।

यह कि उक्त विक्रय पत्र सें किसी व्यक्ति को या किसी वित्तीय संस्था या बैंक आदि में बधंक हों तो या किसी को कोई आपत्ति हो या कब्जा हो तो आज से तीन दिवस के भीतर विधिक दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करैं। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार एयू स्माल फाइनेंस बैंक लि. गुना द्वारा, दीप्ती शर्मा के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में भूमि प.ह.न. 08, सर्वे न0 231/1/1/1/1/1/1/1/1 भूखण्ड क्र 27 का भाग का क्षैत्रफल 800 वर्गफिट वार्ड क्र. 37 गोपालपुरा केंट गुना जिला गुना मे स्थित है। उक्त सम्पत्ति जो कि खसरा वर्ष 2019-20 के आधार पर उक्त सम्पत्ति के सम्बंध में बटवारा जारी किया गया जिसका क्र. 01/अ-27/2019-20 दिनांक 14/06/2019 के द्वारा 1. बाबूलाल, 2. छोंगालाल पुत्रगण चुन्नीलाल को रक्वा 0.5080 हैक्ट (दोनो का बराबर हिस्सा) का स्वामित्व प्राप्त हुआ था। इसके बाद बाबूलाल पुत्र चुन्नीलाल की मृत्यू होने के पश्चात बाबूलाल कि वारिसान गजराजसिंह, राजेश पुत्रगण बाबूलाल, कुसुमबाई, रेखाबाई पुत्रिया बाबूलाल, शांतीबाई पत्नि बाबूलाल के पक्ष में हिस्सा 0.254 हैक्ट. पर फोती नामांत्रण क्र. 2897/अ-6/2020-21 दिनांक 07/12/2020 से स्वीकृत किये जाने के पश्चात शांतीबाई लोधा पत्नि बाबूलाल लोधा के द्वारा श्रीमति विशनबाई गोस्वामी पत्नि श्री महेश पुरी गोस्वामी को विक्रय पत्र क्र. MP13342021A1426425 दिनांक 14.08.2021 के द्वारा 800 वर्गफिट का विक्रय किया गया था।

यह कि उक्त विक्रय पत्र सें गजराजसिंह, राजेश पुत्रगण बाबूलाल, कुसुमबाई, रेखाबाई, छोंगालाल को या किसी भी अन्य व्यक्ति को या किसी वित्तीय संस्था या बैंक आदि में बधंक हों तो या किसी को कोई आपत्ति हो या कब्जा हो तो आज से सात दिवस के भीतर विधिक दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचना कर्ता-
शलभ पारीक, एड्वोकेट
31/248 आदर्श कॉलोनी गुना
फोन-9425746155

प्रारूप जी-3/छ-3

कार्यालय विवेक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, गुना (म.प्र.)

सदस्यता सूची पर आपत्ति हेतु सदस्यों को सूचना का प्रारूप

क्रमांक / नि.अ./क्यू-2 दिनांक 31.07.2026

सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सोसाइटी के संचालक मण्डल के सदस्यों का निर्वाचन दिनांक- निरंक को साधारण सम्मिलन / विशेष साधारण सम्मिलन में सम्पन्न होना है।

अतएव, सोसाइटी की सदस्यता सूची का प्रकाशन सोसाइटी कार्यालय के नोटिस बोर्ड, उप/सहायक पंजीयक सहकारी सोसाइटीयें कार्यालय, संबंधित संस्था के कार्यालय एवं जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, गुना के सूचना पटल पर दिनांक 31.07.2026 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 31. 07.2026 से दिनांक 08.08.2026 तक सोसाइटी कार्यालय विवेक गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित गुना में प्रबंधक कृष्णकांत चतुर्वेदी या कार्यालय उपायुक्त सहकारिता न्यू कलेक्ट्रेट भवन, गुना में मुझे सप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का निराकरण सोसाइटी कार्यालय में दिनांक 10.08.2026 को दोपहर 02:00 बजे से किया जायेगा। आपत्तियों के निराकरण के दिन सदस्य उपस्थित हो सकते हैं। आपत्तियों के संबंध में पृथक से व्यक्तिश: सूचना नहीं दी जावेगी। यदि किसी सदस्य की कोई आपत्ति है और वह उपस्थित नहीं होता है तो भी उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर आपत्तियों का निराकरण किया जावेगा।

(भूपेन्द्र पाल सिंह)
रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,
विवेक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, गुना जिला गुना